# कलेक्टर के आदेश पर ब्रेक, जुन्नारदेव-तामिया जनपद में आदेशों की खुलेआम अनदेखी, क्लस्टर व्यवस्था पर उठे सवाल

## दो सप्ताह बाद भी उपयंत्रियों को क्लस्टर आवंटन नहीं, मनरेगा और निर्माण कार्यों में गड़बड़ी छिपाने की चर्चा तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

3जिले की नौकरशाही के निरंकुश होने की चर्चाएं अक्सर राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में सुनाई देती रही हैं। आरोप यह भी लगते रहे हैं कि कई स्थानीय अधिकारी अपने ही वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों को हल्के में लेते हैं और उन्हें लागू करने में टालमटोल करते रहते हैं। लेकिन अब इन चर्चाओं को लेकर प्रत्यक्ष उदाहरण भी सामने आने लगे हैं। ताजा मामला जुन्नारदेव और तामिया जनपद पंचायतों से जुड़ा है, जहां कलेक्टर के स्पष्ट आदेश के बावजूद दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी उसका पालन नहीं किया गया है। दरअसल, 20 फरवरी को कलेक्टर के हस्ताक्षर से जारी आदेश क्रमांक 2424 के तहत जुन्नारदेव और तामिया जनपद पंचायतों के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि जनपद पंचायतों में चल रहे मनरेगा और अन्य योजनाओं के निर्माण कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए उपयंत्रियों को क्लस्टर प्रणाली के तहत कार्य आवंटित किया जाए। इस आदेश का उद्देश्य यह था कि निर्माण कार्यों की निगरानी बेहतर तरीके से हो सके और योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी ढंग से किया जा सके।लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि आदेश जारी होने के दो सप्ताह बाद भी जुन्नारदेव और तामिया जनपद पंचायतों में उपयंत्रियों को क्लस्टर आवंटित नहीं किए गए हैं। इससे साफ तौर पर यह सवाल उठने लगा है कि आखिर कलेक्टर के आदेशों को लागू करने में इतनी देरी क्यों की जा रही है।




### कोर कमेटी के तबादला आदेश भी ठंडे बस्ते में

मामला सिर्फ क्लस्टर व्यवस्था तक ही सीमित नहीं है। जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष जून माह में कोर कमेटी की बैठक में पालक मंत्री के हस्ताक्षर से उपयंत्रियों सहित कई कर्मचारियों के स्थानीय स्तर पर तबादले किए गए थे। इन तबादलों का उद्देश्य पंचायतों में कार्य व्यवस्था को सुधारना और लंबे समय से जमे कर्मचारियों को बदलना था।लेकिन इन आदेशों की स्थिति भी कमोबेश वही है जो कलेक्टर के ताजा आदेश की है। बताया जाता है कि जिन कर्मचारियों का तबादला हुआ था, उनमें से अधिकांश आज तक अपने पुराने स्थानों से भारमुक्त ही नहीं हो पाए हैं। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि यदि शासन और प्रशासन के आदेशों का पालन ही नहीं होगा, तो फिर इन आदेशों का औचित्य क्या रह जाता है।

### दो सप्ताह में हो सकता था आदेश का पालन

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि यदि जनपद पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चाहें तो कलेक्टर के आदेश का पालन तीन से चार दिन के भीतर कराया जा सकता था। क्लस्टर आवंटन कोई जटिल प्रक्रिया नहीं है। इसके लिए केवल पंचायतों का विभाजन कर उपयंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपनी होती है।लेकिन दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी जब इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो यह सवाल उठने लगा है कि आखिर आदेश का पालन करने में दिलचस्पी क्यों नहीं दिखाई जा रही है। कई लोग इसे अधिकारियों की हठधर्मिता भी बता रहे हैं।

### भ्रष्टाचार छिपाने की चर्चा

स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी जोरों पर है कि क्लस्टर व्यवस्था लागू नहीं करने के पीछे कुछ और ही कारण हैं। बताया जा रहा है कि कई पंचायतों में मनरेगा, राज्य वित्त आयोग और पांचवें वित्त आयोग की योजनाओं के तहत होने वाले निर्माण कार्यों में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं।सूत्रों के अनुसार कुछ पंचायतों में पुराने उपयंत्रियों की मिलीभगत से सचिव और सरपंचों के माध्यम से बिना निर्माण कार्य कराए ही राशि निकाल ली गई। इतना ही नहीं, मनरेगा योजना के तहत चहेते सप्लायरों के नाम पर भुगतान निकालने की भी चर्चाएं सामने आ रही हैं।ऐसे में यदि नए उपयंत्रियों को क्लस्टर का प्रभार दे दिया जाता है तो उन्हें पुराने कार्यों की फाइलें और रिकॉर्ड देखने का अवसर मिलेगा। इससे कई गड़बड़ियां उजागर होने का खतरा पैदा हो सकता है। यही वजह बताई जा रही है कि क्लस्टर वितरण को लेकर जानबूझकर देरी की जा रही है।


कार्यालय कलेक्टर जिला छिन्दवाड़ा

// आदेश //

### अघोषित ठेकेदारी का भी आरोप

पंचायतों में अघोषित ठेकेदारी का मुद्दा भी इस पूरे विवाद से जुड़ता नजर आ रहा है। बताया जाता है कि कई पंचायतों में निर्माण कार्य सीधे पंचायतों द्वारा नहीं बल्कि कुछ प्रभावशाली लोगों के माध्यम से कराए जाते हैं।स्थानीय चर्चाओं के अनुसार सत्ता पक्ष से जुड़े कुछ लोग इन निर्माण कार्यों में अघोषित ठेकेदार और सप्लायर के रूप में सक्रिय हैं। उनके संरक्षण में ही कई योजनाओं के भुगतान किए जाते हैं। यही कारण है कि कई बार प्रशासनिक अधिकारी भी इन मामलों में सख्त कदम उठाने से बचते नजर आते हैं।कहा जा रहा है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भी इस तरह के राजनीतिक संरक्षण का लाभ मिल रहा है। यही वजह है कि वे बिना किसी दबाव के कलेक्टर के आदेशों को भी टालते नजर आ रहे हैं।

### प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल

इस पूरे घटनाक्रम ने जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जब कलेक्टर के आदेश का ही पालन नहीं हो पा रहा है, तो फिर नीचे तक प्रशासनिक अनुशासन की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।कई जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते इस तरह की लापरवाही पर सख्ती नहीं की गई तो इससे शासन की छवि को नुकसान पहुंच सकता है। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही भी प्रभावित हो सकती है।

### अब कलेक्टर की कार्रवाई पर निगाह

अब सभी की नजर इस बात पर टिकी हुई है कि कलेक्टर इस मामले में क्या कदम उठाते हैं। क्या प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जल्द ही आदेश का पालन करते हुए उपयंत्रियों को क्लस्टर आवंटित करेंगे या फिर स्थिति ऐसी बनेगी कि कलेक्टर को अपने ही आदेश का पालन कराने के लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई करनी पड़े।यदि ऐसा होता है तो यह जिले की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए एक बड़ा संदेश होगा कि आदेशों की अनदेखी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।फिलहाल जुन्नारदेव और तामिया जनपद पंचायतों में क्लस्टर वितरण को लेकर चल रही देरी ने प्रशासनिक गलियारों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आने वाले दिनों में यह मामला किस दिशा में जाता है, इस पर जिले भर की निगाहें टिकी हुई हैं।

### इनका पक्ष नहीं रखा जा सका

जनपद पंचायत जुन्नारदेव की सीईओ रश्मि चौहान और जनपद पंचायत तामिया की सीईओ मोनिका झारिया को इनके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया परंतु दोनों ने ही कॉल रिसीव नहीं किया। इसीलिए इस विषय में इनका पक्ष नहीं रखा गया। इनसे संपर्क होने के बाद इनके मत के अनुसार यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि लापरवाही कहां हुई और क्यों? अगले अंक में पुनः इस खबर का प्रकाशन किया जाएगा।

## पुलिस से सुरक्षा मजबूत करने की मांग



पांढुर्णा। कल देर रात संत रविदास और मेघनाथ वार्ड के अनेक महिला एवं पुरुषों ने पार्षद गुंफाबाई नाडेकर के नेतृत्व में थाना प्रभारी अजय मरकाम से मिलकर शहर की सुरक्षा व्यवस्था अधिक पुख्ता करने की मांग की। इस अवसर पर मोरेश्वर नाडेकर ने थाना प्रभारी को बताया कि बीते 15 दिनों से शहर के विभिन्न हिस्सों में चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इससे नागरिकों और विशेष रूप से महिलाओं में भर का माहौल निर्मित होने लगा है। कुछ वार्डों में अब लोग अपने अपने क्षेत्रों में रात में सुरक्षा करते देखे जा रहे हैं। नागरिक अपने साथ लाठियां लेकर देर रात तक सामुहिक रूप से गश्त करते देखे जा रहे हैं। मोरेश्वर नाडेकर ने पुलिस से मांग की है कि पुलिस की रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा में और अधिक चौकसी और मजबूती की जरूरत है। श्री नाडेकर ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों शहर की रात्रीकालीन सुरक्षा पर और अधिक ध्यान केंद्रित करने की मांग की है।

## महामंडलेश्वर बने पलटवाड़ा के संत श्री मुक्तानंद जी महाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

जिले की परासिया तहसील अंतर्गत ग्राम पलटवाड़ा के लिए गर्व का क्षण तब आया, जब यहां जन्मे संत श्री श्री 1008 श्री मुक्तानंद जी महाराज (बबलू महाराज) को श्री महाकाली शंभू पंचायती अखाड़ा द्वारा संतों की सर्वसम्मति एवं अखाड़ा संगठन की सहमति से महामंडलेश्वर पद पर नियुक्त किया गया। इस गौरवपूर्ण घोषणा के साथ ही क्षेत्र में हर्ष और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण व्याप्त हो गया तथा भक्तों और अनुयायियों ने महाराज श्री को शुभकामनाएं दीं।ग्राम पलटवाड़ा में पंडित बाबूलाल शर्मा के घर जन्मे श्री मुक्तानंद जी महाराज बचपन से ही धर्म, साधना और सेवा भाव के प्रति समर्पित रहे हैं। उन्होंने सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संत समाज द्वारा उनकी तपस्या, सेवा और धर्म के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।बताया जाता है कि महामंडलेश्वर के रूप में वे आगामी समय में धर्म प्रचार, धार्मिक जागरण और समाज सेवा के विभिन्न कार्यों को गति देंगे। उनके मार्गदर्शन में आश्रमों, गुरुद्वारों और धार्मिक मंचों के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया जाएगा।

## सांसद ने सहस्त्र चंडी महायज्ञ के लिए सामाजिक बंधुओं को दिया न्यौता

### 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियां हुई प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में 19 से 26 मार्च तक आयोजित होने वाले 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की तैयारियां शुरू हो गई है। महायज्ञ में अधिक से अधिक लोगों को पुण्य लाभ दिलाने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू लगातार सामाजिक संगठनों और विभिन्न समितियों की बैठके लेकर लोगों को आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित कर रहे है।

उल्लेखनिय है कि छिंदवाड़ा के इतिहास में यह पहला अवसर है कि जब कोई सांसद किसी बडे. धार्मिक आयोजन के लिए लोगों से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए लोगों को खुद ही अपने हाथों से आमंत्रण पत्र देकर धार्मिक अनुष्ठान में आमंत्रित कर रहा हो। इसी के तहत शनिवार को सांसद कार्यालय सहित छिन्दवाड़ा शहर मे विभिन्न स्थानों पर सांसद बंटी विवेक साहू की प्रमुख उपस्थिति में सामाजिक संगठनों की बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में सांसद बंटी विवेक साहू ने रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में पहली बार होने जा रहे 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ की संपूर्ण जानकारी देते हुए सामाजिक बंधुओं को आमंत्रण पत्र देकर इस महायज्ञ में सादर आमंत्रित किया। उन्होंने बैठकों में बताया कि आप लोगों के द्वारा हमेशा ही उन्हें सहयोग प्रदान किया गया है। इस सहस्त्र चण्डीय महायज्ञ में भी आप लोगों को पूर्ण सहयोग प्रदान करना है। उक्त निःशुल्क महायज्ञ में यजमानों का पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। जिसमें इच्छुक व्यक्ति सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा में अपने फार्म जमा कर सकते है। इस अवसर पर सभी सामाजिक संगठनों के सामाजिक बंधुओं ने सांसद बंटी विवेक साहू को उनकी की ओर से इस महायज्ञ में पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया। रामेश्वरम धाम सिहोरामाल में 19 से 26 मार्च तक आयोजित होने वाले 1008 कुण्डीय सहस्त्र चंडी महायज्ञ को लेकर छिन्दवाड़ा शहर में विभिन्न सामाजिक संगठनों की बैठकों का आयोजन किया गया।



## केसरी नंदन हनुमान मंदिर में भव्य होगा हनुमान जन्मोत्सव

### समिति सदस्यों ने बैठक कर तय की जिम्मेदारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

केसरी नंदन हनुमान मंदिर जिले के प्रमुख हनुमान मंदिरों में से एक है। रविवार को समिति के सदस्यों ने बैठक का आयोजन कर हनुमान जन्मोत्सव को भव्य रूप में मनाने के विषय में विस्तार से चर्चा की और जन्मोत्सव की रूपरेखा तैयार की जिसमें नई समिति का गठन हनुमान जन्मोत्सव के लिए किया जाना तय किया जिसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक सिंह चौधरी एवं मंदिर संरक्षक गोविंद माहोरे द्वारा बैठक के कार्यकारी अध्यक्ष हेतु ईशान मैद का नाम सर्वसहमति से पारित किया गया है तथा जन्मोत्सव के लिए दान राशि एवं चंदा के लिए अलग से खाता खोला जाना तय किया गया है। जन्मोत्सव में प्राप्त आय व्यय का हिसाब भी समिति के अस्थायी अध्यक्ष ईशान मैद, संरक्षक गोविंद माहोरे और अर्पित पांडेय द्वारा किया जाएगा तथा किन्हीं दो व्यक्तियों के हस्ताक्षर से राशि का आहरण संभव हो सकेगा। इसके अलावा आमंत्रण पत्र, बैठक व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता व्यवस्था आदि कार्यों के लिए भी जिम्मेदारियां आवंटित की गई। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं को कोई तकलीफ न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाने का पूरा प्रयास किया जाएगा।



## बाल विवाह मुक्त करने सांसद ने रवाना की रथ यात्रा

छिंदवाडा। छिंदवाडा को बाल विवाह मुक्त करने के लिए रथ यात्रा निकाली गई।सांसद बंटी विवेक साहू ने प्रचार रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ यात्रा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर बाल विवाह के प्रति नागरिकों को जागरुक करेगी। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने बाल विवाह को समाज की कुप्रथा बताया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बालिकाओं के भविष्य को चौपट करने वाली प्रथा है,उन्होंने बाल विवाह ना करके बालिकाओं को पढने बढने देने के लिए अपील की। इससे पहले प्रदीपन संस्था की रथ यात्रा को सांसद ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. कृष्ण हरजानी, संस्था की डाईरेक्टर रेखा गुजरे, कोआर्डिनेटर रामनाथ उईके, काउंसलर रंजीता कश्यप, सीएसडब्ल्यु मनोज उईके मौजूद रहे।

## महिलाओं को किया गया सम्मानित



परासिया :- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेहरा डेहरिया समाज समिति ब्लॉक परासिया द्वारा महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्योति डेहरिया विधानसभा प्रभारी , प्रेमलता डेयरिया जिला उपाध्यक्ष , लक्ष्मी डेहरिया जिला उपाध्यक्ष , माया डेहरिया पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष , सोनम डेहरिया , मंजू लता डेहरिया ब्लॉक अध्यक्ष , सरोज डेहरिया सचिव , रिंकू डेहरिया सरपंच , अर्चना डेहरिया , रश्मि डेहरिया युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष , मच संचालन आयुषी डेहरिया , ब्लॉक अध्यक्ष विमल डेहरिया , सचिव जगदीश डेहरिया के द्वारा महिलाओं को सावित्री बाई फुले का छायाचित्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में अविनाश डेहरिया उपाध्यक्ष , उमेश डेहरिया उपाध्यक्ष , चंद्रभूषण डेहरिया , अशोक डेहरिया , विनोद डेहरिया , शीतल डेहरिया , सतीश डेहरिया , कैलाश डेहरिया , मनमोहन डेयरिया , मोहन डेहरिया , अनिल डेहरिया , सुरेश डेहरिया , व अन्य सजातीय बंधु उपस्थित हुई ।

### प्राकृतिक खेती करके प्रेरणा बनी महिला किसान पूजा माहोरे

## प्राकृतिक खेती से जिले की महिला किसान कमा रही हैं लाखों का मुनाफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के ग्राम रोहनाकला की प्रगतिशील महिला किसान पूजा माहौरे आज प्राकृतिक खेती के माध्यम से न केवल अपनी आय बढ़ा रही हैं बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं। पति तरुण माहौरे के साथ मिलकर उन्होंने खेती को एक नए स्वरूप में विकसित किया है।

पूजा माहौरे के पास लगभग 10 एकड़ कृषि भूमि है। पहले वे परंपरागत तरीके से रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग कर खेती करती थीं। समय के साथ खेती की लागत लगातार बढ़ती जा रही थी और रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग से जमीन की उर्वरा शक्ति कम होने लगी थी। मिट्टी कठोर होती जा रही थी और स्वास्थ्य पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। इस चिंता ने उन्हें खेती को टिकाऊ और लाभकारी बनाने की दिशा में प्रेरित किया।



प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ाया कदम - कुछ माह पहले उन्हें कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के अंतर्गत कृषि सखी के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। इसी दौरान उन्हें नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने प्राकृतिक खेती के विभिन्न अवयवों और तकनीकों को सीखा। उन्होंने बीजामृत, जीवामृत, पंचगव्य, निर्मास्त्र और ब्रह्मास्त्र जैसे जैविक घोल बनाना सीखा और अपने खेत में देसी गाय के गोबर और गोमूत्र से इन्हें तैयार कर उपयोग करना शुरू किया। आज वे अपने 1 एकड़ क्षेत्र में सब्जियों की प्राकृतिक खेती कर रही हैं और पूरी तरह रसायन मुक्त सब्जियां उत्पादन कर रही हैं।

### हाट बाजार से बढ़ी आय

प्राकृतिक खेती से उत्पादित सब्जियों की मांग बाजार में अधिक होने लगी। पूजा माहौरे अपनी सब्जियों को प्राकृतिक जैविक हाट बाजार में बेचती हैं, जहां उन्हें अच्छे दाम मिलते हैं उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि खेती से हर सप्ताह नियमित आय होगी, लेकिन प्राकृतिक खेती के कारण उनकी आमदनी पहले से दो गुना से भी अधिक हो गई है।

**देसी गाय पालन से अतिरिक्त आय** - आत्मा परियोजना के प्रशिक्षण से प्रेरित होकर उन्होंने देसी गिर और साहीवाल नस्ल की कुल 10 गायों का पालन शुरू किया। इन गायों का दूध शहर में बेचकर भी वे अच्छी आय अर्जित कर रही हैं।

मासिक आय - प्राकृतिक जैविक हाट बाजार में सब्जियों की बिक्री से उन्हें लगभग 10,000 प्रतिमाह शुद्ध लाभ और देसी गाय के दूध की बिक्री से लगभग 30,000 प्रतिमाह शुद्ध आय प्राप्त हो रही है। इस प्रकार पूजा माहौरे प्राकृतिक खेती और पशुपालन के माध्यम से लगभग 40,000 प्रतिमाह की अतिरिक्त आय प्राप्त कर रही हैं।

## रंग पंचमी पर परंपरागत सिंगोड़ी स्थित कबीरवाडा में भव्य मेला का आयोजन

# जीवित समाधि स्थल सिंगोड़ी में उमड़ा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

रंग पंचमी के अवसर पर परंपरागत सिंगोड़ी स्थित कबीरवाडा में भव्य मेला का आयोजन आयोजित किया गया जिसे कोमी एकता का प्रतीक भी कहा जाता है। जिले में एक मात्र कबीर पंथ के जीवित समाधि स्थल में कबीर पंथ के सातवे वंशाचार्य श्री हुजूर सुरुति सनेही नाम साहेब के जीवित समाधि स्थल प्रांगण में विभिन्य धार्मिक आयोजन हुए, इस दौरान विशाल रंगपंचमी मेला कार्यक्रम में क्षेत्रीय ग्रामीणों के अलावा मध्यप्रदेश सहित नागपुर महाराष्ट्र वर्धा छत्तीसगढ़ राजस्थान गुजरात यूपी आंध्रप्रदेश कर्नाटक दिल्ली बिहार सहित अनेक प्रदेशों से श्रद्धालु भक्तगण इस जीवित समाधि स्थल पर अपनी मनोकामनाओ को पूर्ण करने हेतू यंहा पहुंचे। वही सिंगोड़ी में सुबह से ही हजारों लोगो की भीड़ देर रात तक रही, लोगो ने पुराने झूले का आनंद लिया तो वही जम कर खरीददारी भी की।

## 5 दिवसीय विशाल भंडारा भी लगातार हुआ संपन्न

समिति के संयोजक परसादी पटेल और योगेश यादव ने बताया लगातार कई वर्षो से जन सहयोग से समाधि स्थल पर भंडारा का आयोजन किया जाता है वही विगत पांच दिनों से भंडारा आयोजित किया जा रहा है जो रोज सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक निरंतर चलता रहा। वही पंथ के अनुयाइयों की सुभीदाओ को लेकर जनपत सदस्य ने समाधि स्थल के पास शौचालय बनाने के लिए करीब पांच लाख की राशि अपने मद से दिया है जिसका निर्माण भी जल्द सुरु करने की बात कही गई है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष शेष राव यादव जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे उत्तम ठाकुर टीकाराम सोनू सरसवर रमेश, डॉ उमेश शर्मा, पहलवान पुष्प कुमार जैन सहित भारी तादात में पुलिस बल एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## रामाकोना में 'हरिनाम सप्ताह' की धूमः कन्हान नदी महोत्सव, कल सजेगी प्रसिद्ध दहीलाही



**सौंसर/ रामाकोना।** संतों की पावन धरा, संत श्री हीरामन महाराज एवं बंधु श्री वाताजी महाराज की कर्मभूमि 'पैठन तुल्य' श्री तीर्थ क्षेत्र रामाकोना में भक्ति की अविरल धारा बह रही है। राम वन गमन पथ मार्ग पर स्थित इस क्षेत्र में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री संत एकनाथ महाराज षष्ठी दहीलाही वारी उत्सव, संत श्री तुकाराम महाराज बीज महोत्सव तथा कन्हान नदी महोत्सव के अंतर्गत सात दिवसीय अखंड हरिनाम सप्ताह सोहड़ा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। * मार्च से शुरू हुए इस महोत्सव का शुभारंभ हभप सेवकराम महाराज भकने द्वारा कलश स्थापना के साथ किया गया। सात दिनों तक चलने वाले इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन काकड़ा भजन,ज्ञानेश्वरी पारायण और भजन कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। शाम को हरिपाठ और रात्रि में विदर्भ के प्रसिद्ध कीर्तनकारों द्वारा हरि कीर्तन की प्रस्तुति दी जा रही है। विट्ठल मंदिर परिसर में आयोजित इस सप्ताह में अब तक हभप मारोतराव महाराज पातुरकर, हभप चिंतामन महाराज गुर्वे, हभप पांडुरंग महाराज मुरमकर, हभप पद्माकर महाराज देशमुख, हभप भरत महाराज चौधरी और स्थानीय प्रसिद्ध कीर्तनकार हभप विनायक महाराज पाल ने अपने कीर्तन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। सोमवार को विदर्भ के विख्यात शिवचरित्रकार हभप ज्ञानेश्वर महाराज महाले (बुलढाणा) द्वारा विशेष प्रस्तुति दी जाएगी।आयोजन समिति के सदस्य देवराव रूँघे ने बताया कि सोमवार को जीवनदायिनी कन्हान नदी के संत लीलामृत घाट पर 'कन्हान नदी महोत्सव' मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत गुरुवर्य हभप कृष्णाजी महाराज वाघढ़ीकर के द्वारा 'वाढवंटी काला कीर्तन' किया जाएगा। इसके उपरांत 'सिदोरी काला' महाप्रसाद का वितरण होगा। वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार उटेकाटा से कन्हान नदी में आने वाली दिंडी इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण है।विट्ठल मंदिर देवस्थान एवं आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस सप्ताह का समापन १० मार्च मंगलवार को विट्ठल मंदिर परिसर में आयोजित भव्य दहीलाही एवं महाप्रसाद के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## भमोड़ी पंचायत की महिलाएं करेंगी टैक्स वसूली

**परासिया** :- अंर्तराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भमोड़ी ने नवाचार करते हुये निर्णय लिया है , कि पंचायत की समस्त प्रकार की कर वसूली चरणबद्ध तरीके से स्व सहायता समूहों को सौंपी जायेगी । जिससे ग्राम की महिलाएं आत्मनिर्भर तथा सशक्त बन सकें । सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने महिला दिवस के अवसर पर पंचायत भवन मे स्व सहायता समूह की बैठक में यह जानकारी दी । महिला दिवस के अवसर पर एनआईआईटी की सायबर एक्सपर्ट अमीषा चंदेल ने



महिलाओं को सायबर क्राइम तथा वित्तीय प्रबंधनसाक्षरता एवं जागरूकता विषय पर जानकारी प्रदान की । कार्यक्रम में एनआईआईटी के प्रशिक्षक मनोज पवार , राजेन्द्र सोनी , हरेन्द्र कवरेती उपस्थित रहे । आंगनवाडी कार्यकर्ताओं तथा आशा कार्यकर्ताओं ने महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं तथा योजनाओं से अवगत कराया । ग्राम में कम वजन की किशोरी बालिकाओं के स्तर में सुधार के लिये पंचायत द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के बारे में बताया गया ।कार्यक्रम मे रंगपंचमी पर महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल का टीका लगाया । इस अवसर पर सरपंच विपिन श्रीवास्तव , सचिव राजेश सेंगर , जीआरएस इकबाल अहमद , सीएचओ सोनू रावतेल , एएनएम उषा काकोड़िया , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजुम बानो , सबीना नाज , किरण वर्मा , सीमा बरेठिया , बैंक समूह सखी भागवती विश्वकर्मा , आशा कार्यकर्ता पुष्पाभारती , अमरावती गौतम , रेखा विश्वकर्मा , मीना बावरिया सहित स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही ।

## आग की घटना से पीड़ित परिवार को आकाश संगठन ने दी आर्थिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

गत सप्ताह शिवपुरी में एक आदिवासी परिवार के मकान में आग लग गई । जिससे गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया । जिसके बाद आकाश संगठन के द्वारा पीड़ति परिवार को आर्थिक सहायता दी गई ।ग्राम पंचायत शिवपुरी कालोनी में विगत 1 मार्च 2026 को आदिवासी परिवार किशोरीलाल परतेती , उर्मिला परतेती , दीपेश कुमार परतेती के निवास पर अचानक आग लग गई । जिससे घर का पूरा समान जलकर खाक हो गया । स्थानीय निवासियों ने आग बुझाई । जिसकी सूचना मिलने पर आकाश संगठन के जिलाध्यक्ष प्रमोद उट्टी के निर्देशानुसार परासिया ब्लॉक आकाश संगठन की कार्यकारिणी और अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की टीम के शिवपुरी पहुंची । आदिवासी परिवार से मुलाकात कर मकान का निरीक्षण किया गया । और पीड़ति परिवार सदस्य को 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई । आदिवासी परिवार के घर हुए नुकसान की भरपाई के लिए आदिवासी समाज द्वारा शासन प्रशासन से मांग की जायेगी । इस अवसर पर भादू सिंह कुमरे ब्लॉक संरक्षक आकाश संगठन , माया धुर्वे ब्लॉक अध्यक्ष आकाश संगठन और जिलाध्यक्ष महिला अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद , गुरुदयाल इनवाती सचिव , चंद्रपाल अहके महासचिव , दीना मरकाम महासचिव , राहुल सराठी ब्लॉक उपाध्यक्ष मौजूद रहे।

## मिशन पिंक' के शिविर में 210 महिलाओं ने कराई जांच



**सौंसर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को नगर के अन्नाभाऊ साठे मंगल भवन में महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प के साथ एक विशाल 'निःशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर' का सफल आयोजन किया गया। 'मिशन पिंक', डॉक्टर्स एसोसिएशन सौंसर, इनर व्हील क्लब और डॉ. देवपुजारी काका संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 210 महिलाओं एवं युवतियों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा, प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा एवं हिना वाडेकर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं रिबन काटकर किया गया। अतिथियों ने इस मानवीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जब एक महिला जागरूक और स्वस्थ होती है, तभी एक सशक्त समाज की नींव रखी जाती है।आयोजन के संबंध में डॉ. शीतल बोकडे एवं डॉ. प्रिया मोहड़ ने बताया कि 'मिशन पिंक' एवं सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से शिविर का आयोजन किया गया,इस दौरान 100 महिलाओं का निःशुल्क रक्त परीक्षण, 10 महिलाओं की अत्याधुनिक कॉल्पोस्कोपी जांच की गई।

## नवांकुर संस्था द्वारा मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, प्रेरणादायक महिलाओं का हुआ सम्मान



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत विकासखंड लांजी की नवांकुर संस्था स्पोर्ट्स एंड स्काउट्स गाइड्स ऑर्गेनाइजेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लांजी में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सशक्त पहचान बनाने वाली महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपनिरीक्षक श्रीमती विधि पांडे ने प्रस्फुटन समिति, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के एमएसडब्ल्यू और बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों तथा मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। रूढ़िवादी प्रथाएं अब लगभग समाप्त हो चुकी हैं और महिलाओं को समान अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज उच्च पदों पर जिम्मेदारी निभा रही हैं, इसलिए यदि हम लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें तो सफलता अवश्य मिलती है।सहायक विकासखंड प्रबंधक सुश्री सुनीता चन्ने ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महाभारत और रामायण जैसे युद्ध भी महिला सम्मान की रक्षा के लिए हुए थे। शास्त्रों में भी महिलाओं के महत्व का उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं रिक्शा चलाने से लेकर फाइटर जेट उड़ाने तक हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का परिचय दे रही हैं। यदि महिला ठान ले तो वह हर कार्य कर सकती है। उन्होंने महिलाओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप आचरण करते हुए जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही लांजी थाने से आरक्षक प्रीति ने महिला सुरक्षा एवं महिला हेल्प लाइन नंबर के बारे में जानकारी दिया।

## लांजी- भिलाई रोड पर कार और बांस से भरे ट्रक की भिड़ंत, सड़क पर पलटा ट्रक

### मौकास्थल पर पहुंची बहेला पुलिस, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज लांजी।



बहेला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के टिमकीटोला के आगे भिलाई रोड मार्ग पर रविवार सुबह लगभग 11 बजे एक भीषण सड़क हादसा होते-होते टल गया। लांजी से छत्तीसगढ़ की ओर जा रही एक कार और सामने से आ रहे बांस से भरे ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बांस से लदा ट्रक सड़क पर ही करवट लेते हुए पलट गया, जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सौभाग्य से इस दुर्घटना में किसी के गंभीर रूप से घायल होने या जनहानि की सूचना नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 04 क्यूआर 8584 लांजी से छत्तीसगढ़ की ओर जा रही थी, वहीं बांस से भरा ट्रक क्रमांक सीजी 08 बी 1697 छत्तीसगढ़ की ओर से लांजी की दिशा में आ रहा था। टिमकीटोला के आगे भिलाई रोड पर दोनों वाहनों के बीच अचानक जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया और कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि कार में एक दंपत्ति और उनके दो छोटे बच्चे सवार थे। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंच गए और कार में सवार लोगों को बाहर निकालकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान कुछ देर के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, वहीं सड़क पर पलटे ट्रक के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ। घटना की सूचना मिलते ही बहेला थाना से एसआई श्री नर्रे अपने पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर यातायात को सुचारू करने के साथ ही घटना की जानकारी एकत्र की जा रही है तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। उक्त सड़क हादसे में घायल जानकारी मिलने तक अस्पताल नहीं पहुंचे थे।

## 208 कोबरा बटालियन द्वारा महा रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सीय जांच शिविर का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



19 मार्च 2026 को 87वें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रंखला में स्व. दिलीप भटेरे शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, किरनापुर,में 10 मार्च 2026 को निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें चिकित्सकों/विशेषज्ञों द्वारा उक्त रक्त चाप, मधुमेह, बी.एम.आई., स्वास्थ्य जांच, नशा विरोधी जागरुकता कार्यक्रम एवं मानसिक स्वास्थ्य की जांच कर निःशुल्क परामर्श/उपचार/दवा दिया जाएगा।

अतः 208 कोबरा बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, बड़गांव,किरनापुर,कैम्प परिसर के आस-पास के गांवों/कस्बों में रहने वाले सभी ग्रामवासियों/जवानों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों से विनम्र निवेदन है कि उक्त स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित होकर अपने स्वास्थ्य का निःशुल्क उपचार कराएं और इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

02. उपरोक्त के अलावा दिनांक 10 मार्च 2026 को ही स्वर्गीय दिलीप भटेरे शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, किरनापुर, बालाघाट, म.प्र. में महा रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है, अतः मानव कल्याण हेतु जो भी नागरिक रक्तदान करने के लिए इच्छुक है, वह रक्त दान कर मानव कल्याण में अपना सहयोग कर सकते हैं।

## विश्व महिला दिवस पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की सभी 81 ग्राम पंचायतों में 08 मार्च 2026 को विश्व महिला दिवस पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंचायत में विशेष एंजेडों पर चर्चा की गई। विशेष ग्राम सभा में बाल विवाह रोकने की शपथ ली गई। आंगनवाड़ी केन्द्रों से पोषण आहार के वितरण, पॉक्सो अधिनियम, स्पॉन्सरशिप योजना और महिलाओं, बच्चों के कल्याण से जुड़े प्रस्ताव एजेण्डा में शामिल किए गए। ग्राम सभा में एनिमिक महिलाओं और किशोरियों के उपचार, स्वच्छता, क्षय उन्मूलन, खसरा उन्मूलन संबंधी विषय भी शामिल किए गए। ग्राम सभा में कार्यबल में महिलाओं की श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाने, संबल योजना में पंजीयन, पीएम श्रमयोगी और मानधन योजना में पंजीयन की जानकारी दी गई। ग्राम सभा में एक बगिया माँ के नाम योजना, मनरेगा से महिला मजदूरों को रोजगार के अवसर देने, वीबी जीरामजी अधिनियम 2025, महिलाओं के सशक्तिकरण, डिजिटल सुरक्षा और प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में प्रस्ताव रखे गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री कुमार सारथी के नेतृत्व में सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा रखी गई। जहां ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिला दिवस पर महिलाओं के उत्थान को लेकर भी चर्चा की गई। पंचायतों में शाम 04 बजे तक कई तरह की आयोजन किए गए।

**प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार में मनाया गया विश्व महिला दिवसः** नगर के वारासिवनी रोड़ स्थित प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार में 08 मार्च की शाम 08 बजे विश्व महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रज्ञा दीप महिला मंडल के नेतृत्व में 115 वां विश्व महिला दिवस मनाया गया। यहां मंचीय कार्यक्रम राष्ट्रीय मूलनिवासी महिला संघ नई दिल्ली की राष्ट्रीय अध्यक्ष शकुन प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। नर्मदा नागवंशी विशिष्ट अतिथि रही। इनके अलावा डॉ विशाखा मेश्राम और महिला उद्यमी सुमा उइके प्रमुख अतिथि रहे। विश्व महिला दिवस की शुरुआत में सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध और भारत भूमि में जन्म लेने वाली तमाम वीर योद्धा महिलाओं के छायाचित्र का पूजन किया गया। अतिथियों ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि 8 मार्च एक वैश्विक दिवस है जो महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों को मान्यता देता है और लैंगिक समानता की वकालत करता है। उन्होंने भारत जैसे विशाल देश में महिलाओं की स्थिति और उनके सहयोग पर भी अपने विचार रखते हुए कहा कि देश में महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति लगातार बदल रही है। शिक्षा, तकनीकी विकास और सरकारी योजनाओं ने महिलाओं को नए अवसर दिए हैं, लेकिन लैंगिक भेदभाव, घरेलू जिम्मेदारियाँ और पूँजी की कमी जैसी चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं। उन्हें कई तरह के शोषण का सामना करना पड़ता है। जब तब यह चुनौतियां समाप्त नहीं होगी तब तक महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए लड़ना पड़ेगा। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार महिला समिति की अध्यक्ष मंजू उके, निरूपमा वारके, राखी उइके, गीता बारमाटे, संगीता चौरे, कंचना मेश्राम, पुष्पा गनवीर, रत्नमाला राउत, कंचना मेश्राम, पंचशीला हुमनेकर का विशेष योगदान रहा।

## लोहार विश्वकर्मा समाज द्वारा होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

### हर आँगन में सुख शांति और समृद्धि के नए रंग बिखेरता है होली का उत्सव-विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



फाल्गुन पूर्णिमा के पावन अवसर पर वारासिवनी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी के तहत 8 मार्च रविवार को विश्वकर्मा लोहार समाज संगठन की ओर से रंग पंचमी मिलन समारोह का आयोजन आदिवासी सामुदायिक भवन में किया गया। इस समारोह में विधायक विवेक विक्की पटेल शामिल हुए। जहां सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं होली के गीतों पर सभी ने नृत्य भी किया।

इस दौरान सामाजिक बंधुओं को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि यह उत्सव हर आँगन में सुख समृद्धि के रंग बिखेरे और हर समाज के एकता का रंग बना रहे। समाज में होली का पर्व प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन से आपसी संबंध और अधिक मजबूत होते है। पूरे माहौल में रंग गुलाल और हँसी खुशी की झलक साफ दिखाई देती है। सभी लोग आपसी मन मुटाव, आपसी मनभेद को भुलाकर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली मनाए। रंगों का यह महापर्व उत्सव हमें यही संदेश देता है कि प्रहलाद की तरह हम भी अपने जीवन में आने वाली विघ्न बाधाओं का धैर्यपूर्वक सामना करे एवं किसी भी प्रकार की विकट परिस्थितिया आए, तो ईश्वर में अपनी श्रद्धा अडिग बनाए रखे। मुझे जिस समाज ने जो भी माँगा है, मैंने उन्हें देने का प्रयास किया हूँ। आप लोगों के समाज का भवन नहीं है। आप जैसा और जब भी बोलेंगे, आपका भवन बनकर तैयार हो जाएगा।

इस दौरान जिला अध्यक्ष अशोक मानेकर, राधेश्याम नगपुरे, नारायण पंद्राम, चेतन सोनवाने, विनोद कोसरे, आकाश सोनवाने, महेश बावने, नंदकिशोर मेश्राम, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, दीनदयाल बोरेकर, पुरुषोत्तम उईके, मोहरलाल मेश्राम, कृष्ण कुमार लांजेवार, सी एल मराठा सहित सामाजिकगण मौजूद रहे।

## 25 मार्च को भजन संध्या और सुंदरकांड के साथ मनेगा रामनवमी का उत्सव

**वारासिवनी।** आगामी रामनवमी के पावन पर्व पर देश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस अवसर पर श्री रामलला सेवा समिति द्वारा बड़ा श्रीराम मंदिर प्रांगण में आयोजित एक विशेष बैठक में रामनवमी की पूर्व संध्या पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने नगरवासियों को भक्तिमय उत्सव से जोडऩे का संकल्प लिया। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में श्री रामलला सेवा समिति के अध्यक्ष संजय रूसिया ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव राम नवमी के उपलक्ष्य में इस वर्ष 25 मार्च की शाम को श्रीराम मंदिर प्रांगण में एक विशेष आध्यात्मिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राजनांदगांव के सुप्रसिद्ध भजन गायक गणेश मिश्रा अपनी मधुर वाणी से प्रभु के भजनों की प्रस्तुति देंगे।

**खबर संक्षेप**

## तहसीलदार सतीश चौधरी का स्थानांतरण हुआ बंडोल मे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुरई तहसील में पदस्थ रहे तहसीलदार सतीश चौधरी का स्थानांतरण बंडोल (सिवनी) होने पर शनिवार को कुरई मुख्यालय में राजस्व विभाग द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शाल-श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान करते हुए भावभीनी विदाई दी।

समारोह में एसडीएम प्रशांत उइके, डिप्टी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी (प्रशासनिक) अर्जुन ठाकुर तथा कुरई के नवागत तहसीलदार एसपी परतेती ने तहसीलदार सतीश चौधरी को शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान पटवारी संघ तहसील कुरई के अध्यक्ष अनिल धुर्वे, पटवारी संघ जिला अध्यक्ष सुदेश सिंह ठाकुर सहित सभी हल्का पटवारी, राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## दण्डी स्वामी इंदुभावानंद के श्रीमुख से श्रीमद भागवत कथा की ज्ञानगंगा का प्रवाह होगा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दण्डी स्वामी इंदुभावानंद के श्रीमुख से केवलारी के पांजरा ग्राम में श्रीमद भागवत कथा की ज्ञानगंगा का प्रवाह होगा। आचार्य विकास तिवारी(सोनू महाराज) ने बताया कि ग्राम पांजरा के दुबे परिवार द्वारा सोमवार 09 मार्च से 16 मार्च तक श्रीमद भागवत कथा का धर्मिक अनुष्ठान आयोजित किया जा रहा है, इस आयोजन में कथा व्यास के रूप में ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के विशेष कृपापात्र शिष्य तथा वर्तमान द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज के करकमलों से सज्जात 1008 यतिवर दण्डी स्वामी डॉ श्री इंदुभावानंद तीर्थ जी महाराज विराजित रहेंगे, स्वामी जी शंकराचार्य आश्रम रायपुर से कथा के आरंभ दिवस के दिन भव्य जलकलश शोभायात्रा के साथ का ग्राम प्रवेश करेंगे ।

## चाकू से हमला करने वाला कुख्यात कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अपराधों की रोकथाम के खिलाफ न केवल सख्त है, अपितु प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं जो एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा पार्टी के लिए पैसे मांगने के विवाद को लेकर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला करने वाला 01 कुख्यात गुण्डा बदमाश प्रिंस मालवीय को गिरफ्तार किया हैं।

दिनांक 04/03/2026 को प्रार्थी आशीष पिता हरिराम साहू उम्र 23 वर्ष निवासी बारापत्थर सिवनी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट लेख कराया कि दिनांक 04/03/2026 को दोपहर करीबन 02/30 बजे आरोपी प्रिंस मालवीय द्वारा पार्टी के लिए पैसे मांगने मना करने पर मां बहन की गंदी गंदी गाली देकर जेब में रखे धारदार चाकू से जान की मारने की नियत से हमला कर जांघ में चोट पहुँचाने की रिपोर्ट पर अपराध धारा 296(ड्ड), 109 (1) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया एवं तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर सभी फरार आरोपी की संभावित लगातार तलाश पतासाजी कर ग्राम मानेगांव से गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही करने उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है जहां माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी प्रिंस मालवीय न्यायिक हिरासत में जिला जेल सिवनी भेजा गया है।

# अवैध शराब तस्कर कमल मानाठाकुर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में

## बिना नम्बर बुलोरो वाहन सहित 339.28 लीटर अवैध शराब जप्त

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है समय-समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरूध्द लगातार कार्रवाई की जाती रही हैं जो एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में आज दिनांक 08 मार्च, 2026 को कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी कर रहे कुख्यात शराब तस्कर कमल मानाठाकुर को धर दबोचने में सफलता हासिल की।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



दिनांक 08 मार्च, 2026 को मुखबिर से सफेद रंग की बुलैरो वाहन में अवैध शराब के विक्रय हेतु शहर में परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी द्वारा तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर रेड़ कार्रवाई हेतु मुखबिर के बताये स्थान छिन्दवाड़ा रोड़ द ग्रेड रॉयल होटल के सामने पहुंचकर घेराबंदी कर वाहनों की चैकिंग कि गई जो छिन्दवाड़ा तरफ से आ रहे एक बिना नम्बर की सफेद रंग की बुलेरो वाहन को चैक करने पर बुलेरो वाहन में 14 थैले एवं 11 कार्टून में कुल 339.28 लीटर शराब मिली वाहन चालक से नाम पता व शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगने पर अपना नाम कमल मानाठाकुर पिता मिठाईलाल मानाठाकुर उम्र 51 वर्ष निवासी रेल्वे कॉसिंग के पास रानी दर्गावती वार्ड सिवनी का रहना तथा अवैध शराब के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं होना बताने पर बुलोरो चाहन सहित अवैध शराब को जप्त किया गया है तथा आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है एवं शराब कहां से लाई जा रही थी इसके संबंध में पतारसी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी कोतवाली सिवनी द्वारा 24/01/2024 को आरोपी कमल मानाठाकुर के कब्जे से एक कार में 223.56 लीटर अवैध शराब मिलने पर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई थी। आपराधिक इतिहासः- आरोपी कमल मानाठाकुर के विरूद्ध पूर्व में 34(2) आबकारी एक्ट के 02 प्रकरण, 34(1) आबकारी एक्ट के 02 प्रकरण एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने संबंधी 01 प्रकरण पंजीबध्द है। गिरफ्तार आरोपीः- कमल मानाठाकुर पिता मिठाईलाल मानाठाकुर उम्र 51 वर्ष निवासी रेल्वे कॉसिंग के पास रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी

कुल जप्तीः प्लेन मदिरा शराब-180 ली., लाल मसाला-72 ली., मैकडोवल्स रम-43 ली., ऑफिसर च्वाइस व्हिसकी - 35.28 ली., जिनियस व्हीसकी 9 लीटर, कुल- 339.28 अवैध शराब कीमती 86100/- रुपये एवं बिना नम्बर की बुलैरो वाहन कीमती 300000 रुपये, कुल कीमती 386100 रुपये।

इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, उनि दयाराम शरणागत, सउनि दिनेश रघुवंशी, प्र. आर. मुकेश गोडाने, आर प्रदीप चौधरी, पंकज सोलंकी, अजेन्द्र पाल, सौरभ ठाकुर, लोकेश सरयाम, रत्नेश कुशवाहा, रविन्द्र डहेरिया, सुधीर डहेरिया, विश्राम धुर्वे, सतीश इनवाती, सिध्दार्थ दुबे, प्रशांत गजभिये, प्रतीक बघेल एवं चालक इरफान की विशेष भूमिका रही।

# ग्राम मरझोर में श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ

## कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

ग्राम मरझोर में श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। आयोजन के प्रथम दिन निकाली गई कलश यात्रा में ग्राम की महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत यह यात्रा पूरे ग्राम में विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कलश यात्रा ग्राम के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकाली गई, जहां जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और भगवान शिव की जयकारों से गांव का माहौल भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भगवान शिव के भजन-कीर्तन करते हुए यात्रा में शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 8 मार्च से 16 मार्च तक ग्राम मरझोर में किया जा रहा है। प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक मंडलों का पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं पूजन संपन्न होगा। वहीं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आचार्य श्री के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण कथा एवं प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी शिव भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव की अनुपम लीलाओं का वर्णन कथा के माध्यम से श्रवण करने तथा धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# आज से होगी कक्षा तीसरी, चौथी, छटवीं एवं सातवीं की वार्षिक परीक्षाएं

**राज्य शिक्षा केन्द्र निर्देशानुसार समस्त शासकीय शालाओं में अध्ययनरत कक्षा 3, 4, 6 व 7 के विद्यार्थियों हेतु वार्षिक मूल्यांकन का आयोजन आज दिनांक 09 मार्च 2026 से 17 मार्च 2026 तक आयोजित होगी । कक्षा 3 , 4, व 6, 7 की परीक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक सभी शासकीय विद्यालयों में आयोजित होगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

परीक्षा में जिले के शासकीय विद्यालयो में अध्यनरत कक्षा 3 के 12187, कक्षा 4 के 13323, कक्षा 6 के 14662 एवं कक्षा 7 के 15243 कुल 55415 विद्यार्थी सम्मिलित होगें। परीक्षा में समस्त विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने हेतु समस्त संस्था प्रमुख, जन शिक्षक, जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी एवं बीआरसीसी की जवाबदारी होगी ।समस्त पालको से अपील की जाती है कि सभी बचों को अनिवार्य परीक्षा में सम्मिलित करायेगें। स्थानीय परीक्षा में संबंधित शिक्षकों के द्वारा प्रतिदिन प्रश्नरपत्र समाप्ति उपरांत उसी दिन उत्तेर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना अनिवार्य होगा। परीक्षा के दौरान समस्त मॉनीटरिंगकर्ता जन शिक्षक, जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी, बीआरसीसी एवं एपीसी को निर्देशित किया गया है कि न्यूनतम 2 विद्यालयों की मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जावे। ज्ञातव्य हो कि 5वीं और 8वीं की परीक्षाएं 28 फरवरी को समाप्त हो चुकी हैं। परीक्षा उपरांत जिले में निर्धारित 08 मूल्यांकन केन्द्रों पर मूल्यांकन कार्य प्रारंभ है। सर्वसंबंधितों को निर्देशित किया गया है कि जांची गई उत्तरपुस्तिकाओं के अंको की प्रविष्टि प्रतिदिन पोर्टल पर अनिवार्यतः सुनिश्चित की जावे। इन परीक्षाओं का परिणाम माह मार्च के अंत में राय शिक्षा केन्द्र के पोर्टल पर जारी किया जावेगा।

# आग से दुकान जलकर खाक



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के शहीद वार्ड कटंगी नाका के पास मुख्य रोड के किनारे स्थित लेडीज टेलर सिलाई कपड़ा की दुकान में शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि आग लग गई। दुकान मालिक जीतेंद्र शिवहरे की दुकान में कैसे आग लगी इसका कारण फिलहाल अज्ञात है। इस मामले में उन्होंने बताया कि आग से लगभग साढ़े तीन लाख रुपए की क्षति हुई है।

क्षेत्रवासी में राजेश साहू ने बताया कि रात में आग लगने की घटना से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई व इसकी सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई जहां दमकल वाहन आग बुझाने पहुंचा। हालांकि तब तक आग से दुकान व दुकान में रखे कीमती कपड़े मशीन आदि जलकर नष्ट हो गए।

# तेज रफ्तार ऑटो पलटा, 4 लोग घायल: सामने का टायर निकलने से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**सिवनी के धूमा थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक सडक़ हादसा हो गया। पुनवारा ग्राम के पास तेज रफ्तार ऑटो का सामने का टायर निकल गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।**



सामने का टायर निकलने से हादसा जानकारी के अनुसार ऑटो ककरतला से लखनादौन की ओर जा रहा था। पुनवारा ग्राम के पास मोड़ पर तेज गति के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। इसी दौरान ऑटो का सामने का टायर निकल गया और वाहन सडक़ पर पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार चार लोग घायल हो गए। फिलहाल घायलों की पहचान नहीं हो पाई है। दुर्घटना में ऑटो को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

**स्पीड ब्रेकरों की सही मार्किंग और संकेतक लगाने की मांग**

जिस स्थान पर यह हादसा हुआ है, वहां दिनभरलोगों और वाहनों की आवाजाही रहती है। स्थानीय लोगों ने मोड़ पर बने स्पीड ब्रेकरों की सही मार्किंग और संकेतक लगाने की मांग की है, ताकि वाहन चालक पहले से सतर्क हो सकें और ऐसे हादसे रोके जा सकें। घटना की सूचना मिलते ही धूमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ऑटो को सडक़ से हटाकर यातायात को सुचारू कराया। धूमा थाना प्रभारी डोमन सिंह मारवी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और ऑटो का सामने का टायर निकलना सामने आया है। मामले की जांच की जा रही है।

# नागपुर में आयोजित डिबेट प्रतियोगिता में प्रभावशाली उद्बोधन, छात्र संसद पुणे के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कुरई नगर के प्रतिष्ठित नागरिक महेश सूर्यवंशी की होनहार पुत्री गीतान्शी सूर्यवंशी ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल की है। वर्तमान में गीतान्शी पंजाब के जालंधर में अध्ययनरत हैं और अपनी ओजस्वी, प्रभावशाली एवं प्रखर विचारधारा के कारण अलग पहचान बना रही हैं।

विगत दिनों पंजाब प्रांत में आयोजित




कई डिबेट प्रतियोगिताओं में सफलता प्राप्त करने के बाद गीतान्शी ने अखिल भारतीय स्तर पर नागपुर (महाराष्ट्र) विधानसभा भवन में आयोजित पर्यावरण ओर हमारा देश यूथ भारत - विकसित भारत विषय पर डिबेट प्रतियोगिता में अपने प्रभावशाली उद्बोधन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन छात्र संसद पुणे (महाराष्ट्र) के लिए किया गया। पुणे में आयोजित छात्र संसद के दौरान गीतान्शी सूर्यवंशी ने शिक्षा नीति विषय पर अपने क्रांतिकारी और प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। उनके ओजस्वी संबोधन ने सभा में उपस्थित सांसदों, विधायकों एवं मंत्रियों सहित सभी श्रोताओं को प्रभावित किया। इस अवसर पर उन्हें शॉल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। गीतान्शी सूर्यवंशी की इस उपलब्धि से कुरई नगर, सिवनी जिला तथा पंजाब प्रांत का नाम गौरवान्वित हुआ है। इस गौरवपूर्ण सफलता पर कलार समाज कुरई, सिवनी सहित क्षेत्र के सभी शुभचिंतकों ने गीतान्शी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## विधायक प्रतिनिधि बने मनोहर धानेश्वर



**बरघाट।** विधानसभा बरघाट के विधायक कमल मर्सकोले ने बरघाट निवासी मनोहर धानेश्वर को विधायक प्रतिनिधि नियुक्ति किया है। मनोहर धानेश्वर के विधायक प्रतिनिधि बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं इष्टमित्रों में हर्ष व्याप्त है। बरघाट विधायक ने मनोहर धानेश्वर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरघाट में अपना प्रतिनिधि नियुक्ति किया है विधायक ने उम्मीदवार जताई है कि मनोहर धानेश्वर सेवा भाव करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों जमीनी स्तर पर लाभ दिलाने में अग्रणी रहेंगे।

# मोदी सरकार द्वारा महिला दिवस के अवसर पर भारत की गृहणियों को मंहगाई का तोहफा दिया-नरेश मरावी

## घरेलू सिलेंडर 60 रू. एवं कामर्शियल सिलेंडर में 115 रू. की बढ़ोत्री की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मोदी सरकार द्वारा महिला दिवस के अवसर पर भारत की गृहणियों को मंहगाई का तोहफा दिया है। आपदा में अवसर तलासते हुये घरेलू सिलेंडर 60 रू. एवं कामर्शियल सिलेंडर में 115 रू. की बढ़ोत्री की है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि यह पहला अवसर नहीं है कि जंग का बहाना लेकर दामो में बढ़ोत्री की गई है, पूर्व से मंहगाई की मार झेल रही देश की जनता रसोई गैस के दामो में वृद्धि से देश के गरीब एवं मध्यम वर्ग की कमर टूट जायेंगी, खाद्य समाग्री की कीमते तेजी से बढेंगी। एक दिन पूर्व भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पूरी ने कहा था कि हमारे नागरिको को सस्ता और टिकाउ इंधन उपलब्ध कराया जायेगा, अगले ही दिन रसोई गैस के दाम बढ़ाकर मोदी सरकार ने कथनी और करनी में अंतर बता दिया। मोदी जी की विदेश नीतियों की विफलता का खामियाजा देश की जनता को अपने जेब खाली करके भुगतना पड़ रहा है।

श्री मरावी ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने कोरोना जैसे महामारी के समय भी देश की जनता को लूटना नहीं छोड़ा। एपस्टीन फाईल के दबाव में पूरी तरह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईशारों में काम कर रहें है मोदी जी ने देश की गरिमा को गिरवी रख दिया है। आपरेशन सिंदूर की कार्यवाही रोका गया, रूस, ईरान से तेल खरीदना ट्रम्प के कहने पर बंद किया गया। रूस से तेल खरीदने का समय 30 दिन उन्हीं के आदेश से जारी हुआ। विदेशी मीडिया मोदी सरकार पर कटाक्ष करते हुये यह भी कह रहा है कि मोदी जी ने अमेरिका के आगे टांगे खोल दी। भारत के पुराने समय के मित्र एवं सहयोगी देशो से सिर्फ ट्रम्प के कारण दुश्मनी लेकर मोदी जी जिस तरह देश की गरिमा को तार-तार कर रहें है, उसे वापस लाने में दशको लग जायेंगे। यदि मोदी जी का संबंध एपस्टीन फाईल से नहीं है तो वह सार्वजनिक रूप से आकर खंडन क्यो नही करते ?

## महिलाएं केवल सपने नहीं देखतीं, बल्कि अपने परिश्रम व संकल्प से उन्हें साकार भी करती हैं- कविता गौर

### वैश्य महासम्मेलन की महिला ईकाई ने उत्साह से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व होली मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई सिवनी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस व होली मिलन समारोह का आयोजन बारापत्थर के निजी होटल में शनिवार को आयोजत किया। आयोजन में नारी शक्ति के सम्मान व फागुन के उल्लास का अद्भुत समन्वय देखने को मिला, जिसमें लगभग 70 महिलाओं ने सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ में मुख्य अतिथि व निजी स्कूल प्राचार्य श्रीमती कविता गौर व संगठन के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप 'लड्डू गोपाल' के पूजन-अर्चन व दीप प्रज्वलन से किया। संबोधन में प्राचार्य श्रीमती गौर ने नारी के स्वास्थ्य, सम्मान व शिक्षा पर विशेष बल दिया। कहा कि महिला दिवस हमें हमारी शक्ति सम्मान और आत्मविश्वास की याद दिलाता है। वहीं होली के रंग एकता व अपनत्व का संदेश देते हैं। यदि महिलाओं को अवसर, विश्वास व सहयोग मिले तो वे हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं। महिलाएं केवल सपने नहीं देखतीं, बल्कि अपने परिश्रम व संकल्प से उन्हें साकार भी करती हैं।

वैश्य महिला इकाई की जिला अध्यक्ष श्रीमती ऋतु दहिकर ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि नारी ने घर की गोल रोटी से लेकर चांद तक पहुंचने की सफलता की कहानी स्वयं गढ़ी है। हर वह मां, बहन व बेटी जिसने समाज और देश को पहचान दिलाई है, वह सम्मान की अधिकारी है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के समर्पण को देखते हुए यह शाम पूरी तरह उनके सम्मान में समर्पित की गई है। जिला प्रभारी श्रीमती इंद्रा सराफ ने कहा कि यह आयोजन मातृशक्ति के आत्मबल को बढ़ाने और उनके लिए स्वयं के कुछ पल निकालने के उद्देश्य से किया गया है। मीडिया प्रभारी श्रीमती सोनिया सोनी ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आज महिलाएं विभिन्न संगठनों के माध्यम से घर से बाहर निकलकर हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं, जो महिला दिवस के वास्तविक उद्देश्य को सार्थक करता है। कार्यक्रम के दौरान मनोरंजन और उत्साह का माहौल बना रहा। वैश्य समाज की बहनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। भगवान श्री कृष्ण के भजनों पर महिलाओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया और विभिन्न गेम्स व लकी ड्रा में भाग लेकर आकर्षक उपहार जीते। जिला अध्यक्षा व जिला प्रभारी ने सभी उपस्थित बहनों का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। स्वल्पाहार के साथ समारोह का समापन हुआ।

### 24 घंटे में कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा

# होली में लूट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में होली की धुरेड़ी पर 4 मार्च को एक युवक आयुष बैस से लूटपाट की घटना सामने आई है। ऑटो से आए चार युवकों ने पहले युवक से शराब के लिए पैसे मांगे। जब आयुष ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपियों ने उसे जबरदस्ती ऑटो में बैठाकर डेंजर रोड स्थित एक सुनसान जगह पर ले गए।

वहां चारों आरोपियों ने चाकू की नोक पर आयुष से मोबाइल फोन, पर्स और उसमें रखे 2500 रुपए छीन लिए। इस घटना के तीन दिन बाद, पीड़ित आयुष बैस ने 7 मार्च को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को उस ऑटो का नंबर भी बताया, जिसमें आरोपी उन्हें ले गए थे।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़ित की ओर से बताए गए ऑटो नंबर एमपी 50 आर 0639 की तलाश शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



कोतवाली थाना प्रभारी कामेश धूमकेती ने बताया कि पुलिस ने ऑटो के साथ रजा नगर निवासी कलीम उर्फ सोनू उर्फ सलीम (पिता अख्तर अली) को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ के आधार पर लूट में शामिल दो अन्य आरोपियों को कब्रिस्तान से और एक आरोपी को पावर हाउस से पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी कलीम पर बालाघाट में 10 और छिंदवाड़ा में 5, कादिर पर 8, और जोहेब शेख उर्फ जुब्बु और करम उर्फ सोनू पर दो-दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट में इस्तेमाल किया गया चाकू, पर्स और मोबाइल फोन बरामद किया है।पुलिस ने चारों आरोपियों कलीम उर्फ सलीम अली, रजा नगर निवासी कादिर (पिता बसीर खान, 20 वर्ष), जोहेब शेख उर्फ जुब्बु (पिता जाकिर शेख, 22 वर्ष) और भटेरा चौकी निवासी करम उर्फ सोनू (पिता मिलिंद कावड़े) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

आरोपियों को गिरफ्तार करने में उपनिरीक्षक गौरव धुर्वे, संजयसिंह किरार, सहायक उपनिरीक्षक भुनेश ठाकरे, प्रधान आरक्षक गजेंद्र माटे, आरक्षक शेख शहजाद, हेमंत बसेने और प्रियांक श्रीवास की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# यूजीसी नियमों के खिलाफ सड़कों पर उतरा सवर्ण समाज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट में प्रस्तावित यूजीसी विधेयक के विरोध में स्वर्ण समाज ने प्रदर्शन किया। रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने शहर के काली पुतली चौक पर भारत माता की प्रतिमा के सामने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। इस प्रदर्शन में महिलाएं भी शामिल थीं।

परिषद के सदस्यों ने बताया कि प्रस्तावित यूजीसी बिल को लेकर समाज में चिंता है। उन्होंने सरकार से इस विषय पर व्यापक विचार-विमर्श के बाद ही कोई निर्णय लेने का आग्रह किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया और विधेयक वापस लेने की मांग की।

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद महिला प्रकोष्ठ की संभागीय अध्यक्ष सरला दुबे ने कहा कि वे लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर सरकार तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं। उन्होंने सरकार से समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए यूजीसी विधेयक पर पुनर्विचार करने की अपील की।

दुबे ने विधेयक को 'बच्चों के भविष्य के लिए घातक' बताया। उन्होंने कहा कि वे इस 'काले कानून' को रद्द कराने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विधेयक वापस नहीं लिया गया, तो वे सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर देशभर में यूजीसी बिल के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी जाति विशेष के विरोध में नहीं है, बल्कि केवल यूजीसी विधेयक पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि उनकी एकमात्र मांग यूजीसी कानून को वापस लेना है, जिसके लिए यह धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है।

# पुलिया रेलिंग विहीन, दुर्घटना की आशंका, रेलिंग लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

गजपुर से जराहमोहगांव के मध्य चंदन नदि पर बना हुआ पुलिया रेलिंग विहिन है। जिसके कारण दुर्घटना की आशंका बनी होती है। सुरक्षा की दृष्टि से राहगीरो ने पुलिया पर रेलिंग लगाने की मांग की है। हालांकि पुलिया के किनारे में छोटे छोटे पिलर बने हुए है।राहगीरो सहित जागरूक ग्रामीणो ने बताया की गजपुर से जराहमोहगांव के बीच चंदन पर बने हुए पुलिया के किराने में रेलिंग नही लगी हुई है जिसके कारण आवागमन करते समय राहगीरो को खतरा महसूस होता है , पुलिया के ऊपर से मुसाफिर अपने गंतव्य की ओर रात और दिन सफर तय करते है लेकिन रेलिंग नही होना एक समस्या बनी हुई है। ऐसे में वहान चालको से तोडी भी चुक या असावधनी बरतने पर दुर्घटना होने की संभावना निर्मित हो सकती है। राहगीरो की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिया पर रेलिंग होना आवश्यक है । जानकारी के अनुसार लगभग दस वर्ष पूर्व गजपुर से जराहमोहगांव के मध्य चंदन नदि पर आरईएस विभाग के द्वारा पुलिया का निर्माण किया गया था। जराहमोहगांव से गजपुर यह एक मुख्य मार्ग है जो एक ओर कटंगी और तिरोडी की ओर जाता है तो दूसरी ओर वारासिवनी की ओर जाता है ,इसी मार्ग के मध्य चंदन नदी पर बने हुए पुलिया पर रैंलिंग नही है।



समाजसेवी जितेन्द्र गौतम ने बताया की इस पुलिया के किनारे में रैंलिंग नही है। जिसके कारण राहगीरो को आवागमन में परेशानी महसूस होती है ,सुरक्षा के दृष्टि से रैंलिंग होना था। जो नही है ।सुरक्षित आवाजाही के लिए पुलिया के किराने पर रेलिंग लगाना चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर डीईआईसी में शुरू हुआ एचपीवी टीकाकरण, 71 किशोरियों को लगी वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च के अवसर पर जिला चिकित्सालय बालाघाट स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (DEIC) में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जनजाति कार्य विभाग के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया।

सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस विशेष टीकाकरण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती दीपमाला सोलंकी ने शासकीय संयुक्त आदिवासी कन्या छात्रावास, शासकीय बैगा जनजाति कन्या छात्रावास एवं शासकीय कन्या उत्कृष्ट छात्रावास पहुंचकर 14 से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगाए जाने वाले एचपीवी टीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



इस दौरान जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र के प्रबंधक श्री राजाराम चक्रवर्ती और उमंग काउंसलर सुश्री रोशनी टेंभरे द्वारा बालिकाओं की काउंसलिंग भी की गई। आरबीएसके टीम के माध्यम से छात्रावासों से बालिकाओं को वाहन द्वारा डीईआईसी केंद्र तक लाया गया और टीकाकरण के बाद सुरक्षित रूप से वापस छात्रावास पहुंचाया गया।

कार्यक्रम के दौरान कुल 71 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई, जिसमें छात्रावास की 42 तथा शहरी क्षेत्र की 29 बालिकाएं शामिल रहीं। टीकाकरण के बाद बालिकाएं उत्साहित नजर आईं और अन्य किशोरियों से भी जल्द से जल्द एचपीवी वैक्सीनेशन कराने की अपील की। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि डीईआईसी केंद्र में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी टीका निःशुल्क लगाया जाएगा। टीकाकरण के लिए आधार कार्ड तथा एक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य है। स्वास्थ्य विभाग ने पात्र बालिकाओं से समय रहते टीका लगवाकर भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रहने की अपील की है।

## पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड योजना से पशुपालक को मिली नई मजबूती

**बालाघाट**। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड योजना जिले के पशुपालकों के लिए आर्थिक सहारा बन रही है। इस योजना का लाभ लेकर वारासिवनी तहसील के ग्राम बुदबुदा निवासी पशुपालक श्री कमलसिंह पटले ने अपने पशुपालन व्यवसाय को मजबूती दी है और दुग्ध उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है। श्री कमलसिंह पटले को पशुपालन का कार्य पैतृक रूप से प्राप्त हुआ है और वे लंबे समय से कृषि के साथ-साथ पशुपालन भी करते आ रहे हैं। समय के साथ उन्होंने उन्नत नस्ल के पशुओं का पालन करना शुरू किया, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण कई बार पशुओं को पर्याप्त एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराना कठिन हो जाता था।

# संगीतमय श्री रामकथा व श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन कायदी में 27 मार्च से

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

ग्राम पंचायत कायदी में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संगीतमय श्री रामकथा व श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन आगामी 25 मार्च से 2 अप्रैल तक किया जा रहा है। इस संदर्भ में आयोजक समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र नगरगढे सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि ग्राम पंचायत कायदी के हनुमान मंदिर व दुर्गामंदिर प्रांगण बाजार चौक में 25 मार्च से भगवान श्रीराम जी एवं हनुमान जी की आसीम कृपा से विश्व शांति एवं विश्व कल्याण की भावना से रामनवमी व हनुमान जयंती के महापर्व के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथावाचक प.पू. संत श्री राधिका शरण जी महाराज वृंदावन धान तथा प.पू. श्री संत राधाकिशोरी जी बरसाना धाम मथुरा व प.पू. सुश्री श्यामाकिशोरी जी बरसाना धाम के सानिध्य में संगीतमय श्रीरामकथा एवं श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 27 मार्च से 2 अप्रैल तक किया जायेगा। जिसमें 27 मार्च को शाम 4 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी। वही शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिदिन श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जावेगा। दिनांक 2 अप्रैल को कथा पूर्णाहुति व विशाल महाप्रसादी का वितरण किया जावेगा। इस अवसर आयोजक गायत्री परिवार एवं समस्त महिला मंडल ग्राम पंचायत कायदी, संरक्षक श्रीमती रेखा जितेन्द्र नगरढे सरपंच व समस्त ग्रामवासीयो ने अधिकाधिक संख्या में क्षेत्रवासियों से इस महापुराण कार्यक्रम में पहुंचकर पूण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'अस्मिता दिवस' का भव्य आयोजन, खेल प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर माय भारत बालाघाट (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में जिला प्रशासन के सहयोग से मुलाना स्टेडियम बालाघाट में 'अस्मिता दिवस' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।




कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतिभागियों ने मनमोहक नृत्य और सुंदर गीत प्रस्तुत कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी श्री प्रांजल अग्रवाल, जिला युवा अधिकारी माय भारत बालाघाट द्वारा दी गई।

इस अवसर पर महिलाओं और युवतियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताएं तीन आयु वर्गों—13 वर्ष तक, 13 से 18 वर्ष तक और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग—में आयोजित की गईं। इनमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ तथा रस्साकसी जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में श्रीमती रचना चौधरी (महिला एवं बाल विकास विभाग), श्री सतीश शर्मा (न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण), श्री धुर्वे (जिला विधिक सहायता अधिकारी), श्री राहुल बारेश (जिला खेल अधिकारी), श्रीमती नीतू द्विवेदी, श्रीमती सुनीता (बाल कल्याण समिति सदस्य), श्रीमती सोमा मजूमदार (समाजसेवी) तथा श्रीमती फिरोजा खान (मानव अधिकार आयोग सदस्य) सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रतियोगिताओं के समापन पर विजेता प्रतिभागियों एवं समाज में सक्रिय रूप से कार्य करने वाली महिलाओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनीता एवं श्री अजय बेस (केंद्रीय संचार ब्यूरो) द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम का सफल संयोजन श्रीमती दीपमाला मंगोलिया, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी तथा श्री सी.आर. जंघेला, कार्यक्रम पर्यवेक्षक माय भारत बालाघाट के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# आयुष्मान योजना से संबंद्ध अस्पतालों की सूची नगरपालिका बालाघाट में मुफ्त मिलेगी

## आयुष्मान एवं आभा कार्ड बनाने 31 मार्च तक विशेष अभियान

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला मुख्यालय बालाघाट के वर्ष 2026 में 7 प्रायवेट अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना से संबंद्ध करके सरकार की ओर से आयुष्मान कार्ड धारकों को 5 लाख रूपये तक के निःशुल्क उपचार का लाभ बालाघाट में ही मिलने से हर्ष की लहर छा गयी है वहीं दूसरी ओर नगरपालिका बालाघाट में शेष पात्र हितग्राहियों द्वारा आयुष्मान एवं आभा कार्ड बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रायवेट हास्पिटलों की सूची हिन्दी भाषा में निःशुल्क प्रदान की जावेगी। यह सूची 11 से 31 मार्च 2026 तक दोनों कार्ड बनवाने पर निःशुल्क प्रदान की जावेगी। जिससे पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान योजना से संबंधित बालाघाट, गोंदिया, नागपुर, भण्डारा, सिवनी, मंडला, छिंदवाड़ा आदि के प्रायवेट हास्पिटल एवं उनमें दिए जाने वाले उपचार एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी मिल सकेंगी। उपरोक्त जानकारी नपा बालाघाट के आयुष्मान सेवा केन्द्र प्रभारी एवं सूची संकलनकर्ता राकेशवर्मा ताम्रकार ने बताया कि आयुष्मान योजना कार्ड बनाने के साथ कार्डधारकों को योजना के संबंद्ध हास्पिटलों एवं उपचार की जानकारी होना आवश्यक है क्योंकि जानकारी के अभाव में भारत सरकार द्वारा दिये गये 5 लाख रूपये तक के निःशुल्क उपचार का गारंटी कार्ड किसी काम का नहीं है। म.प्र. के नागरिक 18002332085 पर भी फोन लगाकर 24 घंटे निःशुल्क जानकारी प्राप्त सकते है।

### बालाघाट जिले के 3 प्रतिभागी निहारिका तिवारी, दीपशिखा मर्सकोले व प्रीति डहाटे भी हुई है चयनित

# लाईब्रेरियन की ऑनलाईन नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस के माध्यम से 51 प्रतिभागी चयनित

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर व डॉ. हरिसिंग गौर विश्वविद्यालय सागर के लाईब्रेरियनों व सहायक प्राध्यापकों द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की लाईब्रेरियन की लिखित परीक्षा में चयनित होने वाले विद्यार्थियों को साक्षात्कार की ऑनलाईन तैयारी में मदद करने के फलस्वरुप लगभग 51 प्रतिभागियों का चयन लाईब्रेरियन के पद के लिए हुआ है।

विदित हो कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद 15 दिसंबर 2024 से 7 दिसंबर 2025 तक 76 प्रतिभागियों को साक्षात्कार की तैयारी हेतु सागर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के पूर्व छात्रों विशेषकर डॉ. नीरज चौरसिया, डॉ रामकुमार दांगी, डॉ प्रभात सिंह राजपूत, फूल सिंह, गणेश साहू, आशीष शर्मा, जवाहरलाल नेहरु कृषि विद्यालय जबलपुर के कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार नामदेव द्वारा लगातार शनिवार और रविवार को निशुल्क मार्गदर्शन ऑनलाईन प्रदान किया गया। यह सभी वर्तमान समय में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थाओं में कार्यरत है। ऑनलाइन माध्यम से साक्षात्कार की तैयारी हेतु संचालित क्लासों का सफल संचालन डॉक्टर नीलम थापा सहायक प्राध्यापक डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर और डॉ दीपक कुमार नामदेव सहायक लाइब्रेरियन जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा किया गया।

कृषि महाविद्यालय बालाघाट के पूर्व पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार नामदेव ने बताया कि पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के अभी तक के इतिहास में यह पहला प्रयास हैं, जिसमें मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की लिखित परीक्षा में चयनित 76 प्रतिभागियों को ऑनलाइन माध्यम से निशुल्क मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिसमें से 51 प्रतिभागियों ने अपने अथक प्रयास और पूर्व छात्रों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के फलस्वरुप मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा गजेटेड ऑफिसर पुस्तकालयाध्यक्ष पद के लिए चयनित हुए। कुल 177 चयनित पुस्तकालयाध्यक्षों को मध्य प्रदेश के महाविद्यालयों में पदस्थ किया जावेगा। जो 51 पुस्तकालयाध्यक्ष चयनित हुए है, उनमें बालाघाट जिले के 3 प्रतिभागी क्रमशः प्रीति डहाटे शासकीय महाविद्यालय बालाघाट, दीपशिखा मर्सकोले सी एम राईस बालाघाट व संचालक निहारिका तिवारी केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट शामिल है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा लाइब्रेरियन की चयन सूची में सागर व बालाघाट जिले के छात्रों ने डॉक्टर हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग का नाम रोशन किया।



डॉ. नामदेव ने बताया कि ऑनलाईन क्लासेस के माध्यम से अध्ययन कर चयनित होने वाले प्रतिभागियों में रुचि चौरसिया, चंद्रपाल यादव, रोहित कुशवाहा, आयुषी जैन, साक्षी जैन, रक्षा चौधरी, आस्था जैन, प्रियंका कटारे, राखी खटीक, रिया जैन, एकता मेहरा, अमन जैन, अभिषेक जैन अमित दुबे, दिनेश राम भगत, स्टेनी इक्का, निहारिका तिवारी, अमन यादव, अरुण कुशवाहा, व महिमा गुप्ता शामिल है।

# ग्राम हीरापुर में स्व सरभांग स्मृति रक्तदान एवम नि:शुल्क स्वास्थ जांच शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत हिरापुर में 25 फरवरी को स्वर्गीय झीकल सरभांग की स्मृति में रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर मॉयल परिवार एवं मसीह कल्याण संगठन, बालाघाट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और रक्तदान किया।



सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में युवाओं का उत्साह विशेष रूप से देखने को मिला। ग्रामीण अंचल के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य परीक्षण के साथ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में डॉ. वेद प्रकाश लिल्हारे, डॉ. नीलिमा लिल्हारे, डॉ. विनोद सोनवाने और डॉ. सुनीता कटरे ने सेवाएं प्रदान कीं। साथ ही मॉयल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री शर्मा द्वारा भी ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित होकर MOIL Limited के अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक उमेश सिंह भाटी ने आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही भविष्य में गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है। उन्होंने युवाओं द्वारा किए गए रक्तदान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया और कहा कि इस प्रकार के शिविर नियमित रूप से आयोजित होते रहने चाहिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि मॉयल प्रबंधन समय-समय पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर अपने कर्मचारियों और अधिकारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत हिरापुर की सरपंच श्रीमती गुड्डा शांति दीवान ने भी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नई-नई बीमारियां तेजी से सामने आ रही हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को सचेत और जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहें और चिकित्सकीय सलाह का पालन करें।

कार्यक्रम के सफल संचालन में आयोजन समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की।